भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण

<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

श्री अरविंद सिंह,आईएएस ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्षके रूप में कार्यभार ग्रहण किया

<u>नई दिल्ली, 6 नवंबर, 2019:</u>आजश्री अरविंद सिंह , 1988 बैच के आईएएस अधिकारी , महाराष्ट्रकैडर, ने भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला। अपने पहले दिन , नए अध्यक्ष ने भाविप्रा के निगमित मुख्यालय, राजीव गांधी भवन , नई दिल्ली में भाविप्रा बोर्ड के सदस्यों, वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीतकी। इस नियुक्ति से पहले, श्री अरविंद सिंह महाराष्ट्र सरकार के अतिरिक्त मुख्य सचिव (ऊर्जा) के पद पर कार्यरत थे। उन्होंने महाराष्ट्र स्टेट पावर जनरेशन कंपनी लिमिटेड और महाराष्ट्र स्टेट इलेक्ट्रिसिटी ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड (MSETCL) के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक के रूप में भी काम किया।

सेंट स्टीफन कॉलेज , दिल्ली और दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स से अर्थशास्त्र में स्नातक और मास्टर डिग्री प्राप्त करने के बाद श्री अरविंद सिंह 1988 में महाराष्ट्र कैडर में भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल हुए । उनका प्रारंभिक कार्य औरंगाबाद में सहायक कलेक्टर के रूप में,औरंगाबाद जिला परिषद और नागपुर जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी के रूप में था । मुंबई में मुख्य सचिव कार्यालय में एक कार्यकाल के बाद , वह कोल्हापुर में जिला कलेक्टर नियुक्त किए गए।

वर्ष 2001 से केंद्र में उन्होंने वाणिज्य और जहाजरानी सहित विभिन्नमंत्रालयों में काम किया और कृषि मंत्री के निजी सचिव के रूप में भी कार्य किया ।

अपने नए कार्यभार मेंश्री सिंह भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के अध्यक्ष के रूप में विश्व स्तरीय हवाई अड्डे की अवसंरचना के शीर्ष-स्तर की सुविधाएं औरअग्रणी हवाई दिक्चालन सेवाएं प्रदान करने के लिए भाविप्रा के संगठनात्मक लक्ष्यों को प्राप्त करने के प्रयासों का नेतृत्व करेंगे।

निगमित संचार निदेशालय द्वारा जारी:
अन्य विवरण के लिए कृपया संपर्क करें
महाप्रबंधक (निगमित संचार)
टेलीफोन: 011- 246227000

प्रेस विज्ञप्ति क्रमांक 42 / 2019-20